# कार्यालय
# प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

दूरभाष : 05962-230065, फैक्स: 05962-232162ई-मेल almoraforestdivision@rediffmail.com

पत्रांक 4782 /12-1(2) अल्मोड़ा दिनांक 25-3-2023

सेवा में,

अधिशासी अभियंता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
रानीखेत।

विषय — एन0पी0वी0 की नई दरों के अनुसार जमा की जाने वाली अतिरिक्त धनराशि के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ — प्रमुख वन संरक्षक (Hoff) उत्तराखण्ड देहरादून का पत्रांक 1257/P.O. दिनांक 03.06.2022।

उपरोक्त विषयक क्रम में सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि वन भूमि हस्तान्तरण से सम्बन्धित ऐसे प्रकरण जिनमें सैद्वान्तिक स्वीकृति 06.01.2017 से पूर्व प्राप्त हो चुकी है परन्तु वर्तमान तक विधिवत स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पायी है, में एन0पी0वी0 की नयी दरों के अनुसार अतिरिक्त धनराशि जमा की जानी है।

उक्त सम्बन्ध में प्रस्ताव में आपके द्वारा एन0पी0वी0 की बढ़ी दरों के अनुसार अतिरिक्त धनराशि जमा कराये जाने का प्रमाण पत्र दिया गया है, जिसके तहत आपके द्वारा निम्नानुसार अतिरिक्त धनराशि जमा की जानी है। आपके द्वारा निम्नानुसार एन0पी0वी0 की राशि जमा किये जाने व पूर्ण अनुपालन आख्या को उपलब्ध कराने के उपरान्त ही विधिवत स्वीकृति प्रदान की जायेगी। यदि आपके द्वारा किसी भी प्रकरण में पूर्व में एन0पी0वी0 की धनराशि जमा कर दी गयी है तो उसकी रसीद संलग्न करें और अतिरिक्त धनराशि ही जमा करायें। इसके अतिरिक्त यदि आपके द्वारा कोई धनराशि जमा नहीं की गयी है तो पूर्ण धनराशि एन0पी0वी0 की नवीन दरों के अनुसार ही जमा की जायेगी।

| क्र0 सं0 | प्रस्ताव संख्या | प्रस्ताव का नाम | एन0पी0वी0 की जमा धनराशि | एन0पी0वी0 की नवीन दरों के अनुसार धनराशि | जमा की जाने वाली अतिरिक्त धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5=4-3 |
| 1 | 10416/2015 | Ratkhet To Jharkot Motor Road (1.05 Ha.) | 887250 (@845000.00) | 1357492 (@1292850.00) | 470242 |

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

पत्रांक 4782 / 12-1(2) उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपि— अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।

# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांकः 187 / FP/UK/ROAD/10416/2015 दिनाँकःदेहरादूनः 15 जुलाई, 2015

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
अल्मोड़ा।

विषयः– जनपद–अल्मोड़ा में रतखेत से झड़कोट मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.05 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः– शासन की पत्र सं0– **362/X-4-15/1(190)/2015** दिनांक 01–07–2015 (प्रति संलग्न)

महोदय,

वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4 के उपर्युक्त विषयक संदर्भित पत्र के द्वारा विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रकरण पर कतिपय शर्तों के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उक्त सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अधिरोपित निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन किया जाना है :–

1. शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रत्यावर्तित भूमि के बदले प्रस्तावित 2.10 हे0 सिविल एवं सोयम भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रख–रखाव हेतु रू0 3,00,300.00 (रू0 तीन लाख तीन सौ) मात्र की धनराशि वन विभाग के पक्ष में जमा की जानी है। राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–1 में यह उल्लेख किया गया है कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चिन्हित जिला–अल्मोड़ा की सिविल एवं सोयम वन भूमि, जिसका क्षेत्रफल 2.10 हे0 है, को भारतीय वन अधिनियम, 1927 के तहत संरक्षित वन घोषित किया जायेगा व इस भूमि को वन विभाग के पक्ष में नामान्तरित/हस्तान्तरित किया जायेगा तथा इसे छः माह के अन्तर्गत आरक्षित/संरक्षित वन घोषित किया जायेगा। उक्त कार्यवाही सम्पन्न करवाकर जिलाधिकारी का प्रमाण पत्र तथा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करायी गई भूमि का उपयुक्तता प्रमाण–पत्र सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी से प्राप्त कर इस कार्यालय को अनुपालन आख्या के साथ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2. शर्त संख्या–2 के अनुपालन में प्रस्तावित मार्ग के दोनों ओर रिक्त पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रख–रखाव हेतु रू0 3,00,000.00 (रू0 तीन लाख) मात्र की धनराशि सम्बन्धित कोष में जमा की जानी है।

3. शर्त संख्या–3 के अनुपालन में रू0 8,87,250.00 (रू0 आठ लाख सतासी हजार दो सौ पचास) मात्र एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जानी है।

4. शर्त संख्या–4 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा वचनबद्धता प्रस्तुत करेंगे कि सक्षम स्तर यदि एन0पी0वी0 की दरों में बढ़ोत्तरी होती है तो बढ़ी हुई दर के हिसाब से धनराशि जमा करेंगे।

5. शर्त संख्या–6 व 7 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उक्त मदों में देय धनराशियों को RTGS के माध्यम से Compensatory Afforestation Fund, (CAF) Uttaranchal SB A/C No. 037100101025229 कारपोरेशन बैंक, लोधी शाखा, नई दिल्ली में जमा करने का कष्ट करें। RTGS हेतु कारपोरेशन बैंक का IFSC Code-CORP0000371, MICR Code-110017007 एवं Branch Code-000371 है। कारपोरेशन बैंक की लोधी रोड शाखा में जमा करायी गयी धनराशि की पुष्टि हेतु कारपोरेशन बैंक द्वारा जारी पुष्टि का पत्र मय UTR नं0 भी इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि इसकी सूचना तदर्थ कैम्पा को प्रेषित की जा सके।

6. शर्त संख्या–8 के अनुपालन मे प्रस्तावित निर्माण कार्य के लिये जनपद कार्यबल की संस्तुतियों एवं भू–वैज्ञानिक के सुझावों के अन्तर्गत सुरक्षा उपायों हेतु निर्धारित बजट की सूचना उपलब्ध करायी जानी है एवं इस आशय का

1487550

...प पत्र उपलब्ध कराया जाना है कि जनपद–कार्यबल की संस्तुतियों एवं भू–वैज्ञानिक के सुझावों का कड़ाई से अनुपालन किया जायेगा।

7. शर्त संख्या–9 के अनुपालन में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत आवश्यक अभिलेख/प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

8. शर्त संख्या–10 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्ताव में निहित किसी भी निर्धारित शर्तों का उल्लंघन नहीं होने अथवा असंतोषजनक अनुपालन होने की स्थिति में राज्य सरकार, पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा स्वीकृति को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

9. शर्त संख्या–11 उपरोक्त शर्तों के अनुपालन होने के पश्चात प्रकरण में विधिवत स्वीकृति हेतु [illegible] जायेगा।

अतः राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित उक्त शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के माध्यम से तीन प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः–यथोपरि।

भवदीय,

(मनोज चन्द्रन)
वन संरक्षक

संख्या /FP/UK/ROAD/10416/2015 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. जिलाधिकारी, जनपद–अल्मोड़ा। (संलग्नः–यथोपरि)
3. प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा। (संलग्नः–यथोपरि)

R. 2961/3H/19 - 22-7-15

(मनोज चन्द्रन)
वन संरक्षक

| Sno. | Proposal Detail | Application_No | Application No (New) | Date of IN-PRINCIPLE | Amount to be Paid/Amount Paid (in Rs.) | Payment Status | Payment Detail | Demand Letter |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | FP/UK/ROAD/13633/2015 (../viewreport.aspx?pid=FP/UK/ROAD/13633/2015)<br><br>C/D Masi Adigoun jourasi deghat motor road | ROAD136332015794 | 113136332015794 | 03 Nov 2015 | CA: 527670/- , Addl CA : 0/-<br>PCA: 0/- , CAT : 0/-<br>Safety Zone: 0/- , Addl PA : 0/-<br>NPV: 1559025/- , Road side Plantation : 1595000/-<br>Other Charges1 : 0/-<br>Other Charges2 : 0/-<br>Other Charges3 : 0/-<br>Total : 3681695/- | Paid | Fund Demand Verified by Nodal Officer On: 13 Feb 2016<br>Bank Name: Corporation Bank<br>Mode of Payment: NEFT/RTGS (Challan)<br>Challan Generated On: 23 Feb 2016<br>Transaction Date: 10 Mar 2016 | Demand Letter (../writereaddata/Fundpdf/211111225<br><br>Generated Challan (../UserAccount/Neft_ChallanCorp. |
| 17 | FP/UK/ROAD/8382/2014 (../viewreport.aspx?pid=FP/UK/ROAD/8382/2014)<br><br>Bhatkot Dhon Rithachora Motor Road | ROAD83822014931 | 11383822014931 | 12 Oct 2015 | CA: 420420/- , Addl CA : 0/-<br>PCA: 0/- , CAT : 0/-<br>Safety Zone: 0/- , Addl PA : 0/-<br>NPV: 1242150/- , Road side plantation : 850000/-<br>Other Charges1 : 0/-<br>Other Charges2 : 0/-<br>Other Charges3 : 0/-<br>Total : 2512570/- | Paid | Fund Demand Verified by Nodal Officer On: 25 Feb 2016<br>Bank Name: Corporation Bank<br>Mode of Payment: NEFT/RTGS (Challan)<br>Challan Generated On: 27 Feb 2016<br>Transaction Date: 10 Mar 2016 | Demand Letter (../writereaddata/Fundpdf/211231221<br><br>Generated Challan (../UserAccount/Neft_ChallanCorp. |
| 18 | FP/UK/ROAD/9573/2015 (../viewreport.aspx?pid=FP/UK/ROAD/9573/2015)<br><br>Construction of Atal Adarsh Gram Boli link Road | ROAD95732015962 | 11395732015962 | 02 Oct 2015 | CA: 154440/- , Addl CA : 0/-<br>PCA: 0/- , CAT : 0/-<br>Safety Zone: 0/- , Addl PA : 0/-<br>NPV: 709560/- , Road side plantation : 400000/-<br>Other Charges1 : 0/-<br>Other Charges2 : 0/-<br>Other Charges3 : 0/-<br>Total : 1264000/- | Paid | Fund Demand Verified by Nodal Officer On: 23 Feb 2016<br>Bank Name: Corporation Bank<br>Mode of Payment: NEFT/RTGS (Challan)<br>Challan Generated On: 23 Feb 2016<br>Transaction Date: 10 Mar 2016 | Demand Letter (../writereaddata/Fundpdf/211181248<br><br>Generated Challan (../UserAccount/Neft_ChallanCorp. |
| 19 | FP/UK/ROAD/10416/2015 (../viewreport.aspx?pid=FP/UK/ROAD/10416/2015)<br><br>Ratkhet To Jharkot Motor Road | ROAD104162015986 | 113104162015986 | 01 Jul 2015 | CA: 300300/- , Addl CA : 0/-<br>PCA: 0/- , CAT : 0/-<br>Safety Zone: 0/- , Addl PA : 0/-<br>NPV: 887250/- , Road side blank area plantation : 300000/-<br>Other Charges1 : 0/-<br>Other Charges2 : 0/-<br>Other Charges3 : 0/-<br>Total : 1487550/- | Paid | Fund Demand Verified by Nodal Officer On: 15 Oct 2015<br>Bank Name: Corporation Bank<br>Mode of Payment: NEFT/RTGS (Challan)<br>Challan Generated On: 11 Feb 2016<br>Transaction Date: 01 Oct 2015 | Demand Letter (../writereaddata/Fundpdf/91171223121150QVRRatkt<br><br>Generated Challan (../UserAccount/Neft_ChallanCorp. |
| 20 | FP/UK/ROAD/9788/2015 (../viewreport.aspx?pid=FP/UK/ROAD/9788/2015)<br><br>Construction of Motor Road from Goverment Inter College ASGOLI TO PAITHANI | ROAD97882015045 | 11397882015045 | 01 Jul 2015 | CA: 960960/- , Addl CA : 960000/-<br>PCA: 0/- , CAT : 0/-<br>Safety Zone: 0/- , Addl PA : 0/-<br>NPV: 2207520/- , Other Charges : 0/-<br>Other Charges1 : 0/-<br>Other Charges2 : 0/-<br>Other Charges3 : 0/-<br>Total : 4128480/- | Paid | Fund Demand Verified by Nodal Officer On: 18 Sep 2015<br>Bank Name: Corporation Bank<br>Mode of Payment: NEFT/RTGS (Challan)<br>Challan Generated On: 19 Sep 2015<br>Transaction Date: 01 Oct 2015 | Demand Letter (../writereaddata/Fundpdf/911712171<br><br>Generated Challan (../UserAccount/Neft_ChallanCorp. |
| 21 | FP/UK/ROAD/9291/2015 (../viewreport.aspx?pid=FP/UK/ROAD/9291/2015)<br><br>CONSTRUCTION OF RICHI MALLI MOHANRI MALLA BAGADWAR MALLA BHAKUNIYA MOTOR ROAD | ROAD92912015496 | 11392912015496 | 17 Aug 2015 | CA: 536900/- , Addl CA : 1450000/-<br>PCA: 0/- , CAT : 0/-<br>Safety Zone: 0/- , Addl PA : 0/-<br>NPV: 1939035/- , Other Charges : 0/-<br>Other Charges1 : 0/-<br>Other Charges2 : 0/-<br>Other Charges3 : 0/-<br>Total : 3925935/- | Paid | Fund Demand Verified by Nodal Officer On: 10 Sep 2015<br>Bank Name: Corporation Bank<br>Mode of Payment: NEFT/RTGS (Challan)<br>Challan Generated On: 10 Sep 2015<br>Transaction Date: 15 Sep 2015 | Demand Letter (../writereaddata/Fundpdf/911712101<br><br>Generated Challan (../UserAccount/Neft_ChallanCorp. |